संख्या-29/2015/1380/नौ-5-2015-108बजट/2014

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, टुण्डला(आगरा)/धनौरा(अमरोहा) मऊरानीपुर(झाँसी), शेरकोट(बिजनौर), मुबारकपुर (आजमगढ़) एवं चुनार(मिर्जापुर)।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 24 फरवरी, 2015

विषय- वित्तीय वर्ष 2014-15 में 'नगरीय सड़क सुधार योजना' के अन्तर्गत द्वितीय किश्त की धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 में 'नगरीय सड़क सुधार योजना' के अन्तर्गत प्रदेश की विभिन्न निकायों को विभिन्न शासनादेशों द्वारा सड़क सुधार हेतु सड़कों के निर्माण के लिए उनके द्वारा प्रस्तावित कार्यों की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त की गयी है। संदर्भित निकायों द्वारा प्रथम किश्त की धनराशि का उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराते हुए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवशेष धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया है। अतः प्रश्नगत 06 निकायों को उनके अनुरोध के क्रम में वित्तीय वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 में चालू कार्यों हेतु द्वितीय किश्त के रूप में कुल ₹ 234.145 लाख (₹ दो करोड़ चौंतीस लाख चौदह हजार पाँच सौ मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

(धनराशि लाख ₹ में)

क्र.सं.	जिले का नाम	नागर निकाय का नाम	निर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का शासनादेश एवं दिनांक	निर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष पूर्व में अवमुक्त धनराशि	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवशेष धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1	आगरा	नगर पालिका परिषद, टुण्डला	514एम/नौ-5-2014-40बजट/2014 दिनांक 01.03.2014	29.43	14.71	14.72
2	अमरोहा	नगर पालिका परिषद, धनौरा	490/नौ-5-2013-41बजट/2014 दिनांक 28.02.2014	40.82	20.41	20.41
3	झाँसी	नगर पालिका परिषद, मऊरानीपुर	7306/नौ-5-2013-197बजट/2013 दिनांक 09.01.2014	197.40	98.50	98.90
4	बिजनौर	नगर पालिका परिषद, शेरकोट	6056/नौ-5-2014-150बजट/2014 दिनांक 17.11.2014	120.00	60.00	60.00
5	आजमगढ़	नगर पालिका परिषद, मुबारकपुर	2064/नौ-5-2014-70बजट/2014 दिनांक 13.10.2014	30.23	15.115	15.115
6	मिर्जापुर	नगर पालिका परिषद, चुनार	6056/नौ-5-2014-150बजट/2014 दिनांक 17.11.2014	50.00	25.00	25.00
			योग			234.145

(₹ दो करोड़ चौंतीस लाख चौदह हजार पाँच सौ मात्र)

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु निकाय द्वारा प्रस्तुत बिल संबंधित जनपद के जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे संबंधित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी द्वारा निकायों के खाते में सीधे जमा किया जायेगा। यह कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता पर सम्पादित की जायेगी तथा निकाय द्वारा बीजक प्रस्तुत किये जाने की तिथि से तीन दिवस के अन्दर धनराशि निकाय के खाते में अन्तरित कर दी जायेगी।

(2)उक्त के अतिरिक्त आहरित धनराशि किसी अन्य बैंक/डाकघर/पी.एल.ए./डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(3) स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद एवं निदेशक, स्थानीय निकाय/शासन को दिनांक 31-03-2015 तक संबंधित निकाय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) वित्तीय मामलों में संबंधित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चत करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो का किसी प्रकार का विचलन हो, तो संबंधित वित्त नियंत्रक का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित वित्त विभाग को दे दी जाय।

(5) प्रश्नगत निकायों को जिन शासनादेशों के माध्यम से प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त की गयी है, उन शासनादेशों में उल्लिखित शर्तें भी यथावत रहेंगी।

2. स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत आयोजनागत लेखाशीर्षक '2217-शहरी विकास-80-सामान्य-192-नगर पालिकाओं/नगर पालिका परिषदों को सहायता-04-उ.प्र. व्यापार विकास निधि से व्यय-0401-नगरीय सड़क सुधार योजना-35-पूंजीगत परिसम्पतियों के सृजन हेतु अनुदान' के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या-29/2015/1380(1)/दो-5-2015-108बजट/2014, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार, उ.प्र. इलाहाबाद।
2. सम्बन्धित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. सम्बन्धित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. सम्बन्धित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
6. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उ.प्र. इलाहाबाद।
7. सम्बन्धित अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, उत्तर प्रदेश।
8. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त आय-व्यय(अनुभाग-1/2)
9. गार्ड फाईल/कम्प्यूटर सेल/सुपर यूजर, नगर विकास विभाग, उ.प्र. शासन।

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2014-2015

आवंटन दिनांक-24/02/2015

प्रेषण संख्या:- 29-2015

आवंटन आदेश संख्या:- 002-29-2015-1380-9-5-2015-108Bd-14

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2014-2015 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 2217 - शहरी विकास(आयोजनागत-मतदेय)

80 - सामान्य

192 - नगर पालिकाओं / नगर पालिका परिषदों को सहायता

04 - उत्तर प्रदेश व्यापार विकास निधि से व्यय

01 - नगरीय सड़क सुधार योजना

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	योग
1	आगरा-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान	1472000	1472000
		प्रगामी	6290000	6290000
2	बिजनौर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान	6000000	6000000
		प्रगामी	88379000	88379000
3	झाँसी-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान	9890000	9890000
		प्रगामी	9890000	9890000
4	मिर्जापुर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान	2500000	2500000
		प्रगामी	7000000	7000000
5	आजमगढ़-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान	1511500	1511500
		प्रगामी	8151000	8151000
6	अमरोहा-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान	2041000	2041000
		प्रगामी	4441000	4441000
	योग	वर्तमान	23414500	23414500
		प्रगामी	124151000	124151000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया दो करोड़ चौंतीस लाख चौदह हजार पाँच सौ

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया बारह करोड़ इक्तालीस लाख इक्यावन हजार

(उमा शंकर सिंह)

संयुक्त सचिव